# FIRST INFORMATION REPORT
## (Under Section 173 B.N.S.S)

## प्रथम सूचना रिपोर्ट
## (धारा 173 बी एन एस एस के तहत)

1. **District (जिला):** Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Hisar **Year (वर्ष):** 2025

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0039 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 09/10/2025 21:26 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** Thursday **Date from (दिनांक से):** 09/10/2025 **Date To (दिनांक तक):** 09/10/2025

**Time Period (समय अवधि):** Pahar 3 **Time From** समय से): 18 :15 hrs **Time To (समय तक):** 18:15 hrs

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 09/10/2025 **Time (समय):** 21:10 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 022 **Date and Time (दिनांक और समय):** 09/10/2025 21:10 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** WEST, 120 Km (s) **Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):** SIRSA,

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** BHUPINDER SINGH

(b) **Father's Name (पिताका नाम):** OMPARKASH

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 1993 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address (पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | **DUDIYANWALI, SIRSA, HARYANA, INDIA** |
| 2 | **Permanent Address** | **DUDIYANWALI, SIRSA, HARYANA, INDIA** |

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):** 91-7988346550

7. **Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ANIL KUMAR ASI | | | 1. PS RANIA,SIRSA,HARYANA,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

12. **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

सेवा में,

श्रीमान इन्सपैक्टर साहब,
राज्य सतर्कता एवं,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, (ह0)
उप केन्द्र सिरसा।

श्रीमान जी,

निवेदन है कि मै भुपिन्द्र सिंह उर्फ मोगी पुत्र श्री औमप्रकाश वासी गांव दुढियांवाली जिला सिरसा का रहने वाला हुं । मेरा भाई राधा कृष्ण उर्फ राधे पुत्र श्री औमप्रकाश वासी गांव दुढीयावाली जिला सिरसा मु0न0 364 दिनांक 19.07.2025

धारा 305, 317(2), 318(4), 336(3), 338, 340 BNS 2023 व 25 (1)(a), आर्मस एक्ट थाना रानियां जिला सिरसा में करीब 80 दिन से जिला जेल सिरसा में है। इस मुकदमा की तफतीश अनिल कुमार ASI थाना रानियां कर रहा है। जिसको मेरे पिता औमप्रकाश करीब एक डेढ माह पहले थाना रानियां में मिला था और मुकदमा में मेरे भाई राधा कृष्ण उर्फ राधे का चालान कोर्ट में देने बारे कहा था उस समय अनिल कुमार ASI ने मेरे पिता को कहा था कि चालान ऐसे ही कोर्ट में नही दिया जाता जो मेरे पिता पर दबाव बनाकर अनिल कुमार ASI ने रिश्वत के 10 हजार रूपये चालान कोर्ट मे देने के नाम पर थाना रानियां मे लिये थे । उसके बाद भी अनिल कुमार ASI ने अब तक मुकदमा का चालान कोर्ट मे नहीं दिया । मैं व मेरा पिता बार-बार अनिल कुमार ASI से चालान कोर्ट मे देने के लिये विनती कर रहे हैं । कल दिनांक 08.10.2025 को दोपहर बाद मै थाना रानियां मे मेरे भाई राधा कृष्ण उर्फ राधे का चालान कोर्ट मे देने के लिये अनिल कुमार ASI से मिला तो अनिल कुमार ASI ने मुकदमा का चालान कोर्ट मे देने के नाम पर फाईल मे अपने खर्चे 7 हजार व 4 हजार रूपये तथा 15 हजार रूपये गाड़ी की डिटेल निकलवाने के नाम से रिश्वत के 26 हजार रूपये मांग रहा है । मैने अनिल कुमार ASI व मेरी आपस में हुई इस रिश्वत लेने बारे बातचीत की रिकार्डिंग मेरे डिवाईस में कर ली है जो मै आपके पेश कर दुंगा। मै ये 26 हजार रूपये रिश्वत की राशी अनिल कुमार ASI को नहीं देना चाहता । कृपा करके अनिल कुमार ASI थाना रानियां के विरूद्व कानुनी कार्यवाही की जावे।

SD/- Bhupinder Singh
भुपिन्द्र सिंह पुत्र औमप्रकाश
गांव दुढियांवाली
जिला सिरसा
दिनांक 9/10/2025
79883-46550

कार्यवाही पुलिसः- आज दिनांक 09.10.2025 को मैं अपने कार्यालय राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो, उपकेन्द्र सिरसा में मौजुद हुँ कि भुपिन्द्र सिंह उर्फ मोगी पुत्र श्री औमप्रकाश वासी गांव ढुढीयांवाली जिला सिरसा ने हाजिर कार्यालय आकर उपरोक्त दरखास्त पेश की । जो उपरोक्त दरखास्त के हालात तसदीक किये जाकर हालात दरखास्त पुलिस अधीक्षक राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ह0) हिसार को बतलाये गए । जिस पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा तुरन्त कार्यवाही करने के आदेश दिये तथा रेड के लिये उपायुक्त महोदय सिरसा द्वारा भेजी गई सूची बारे आदेश प्राप्त करके सुचि में से श्री मुकेश कुमार जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियन्त्रक सिरसा को डियुटी मैजिस्ट्रेट/स्वतंत्र गवाह व उनके कार्यालय के एक कर्मचारी श्री आशीष कुमार सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी सिरसा को बतौर छाया/स्वतंत्र गवाह हस्ब तलविदा हाजिर कार्यालय राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो, उपकेन्द्र सिरसा आये है। शिकायतकर्ता द्वारा रिश्वत लेन-देन सम्बन्धित बातचीत सुनाई गई । जो दरखास्त के मजबून से व रिश्वत प्रकरण की आडियों रिकार्डिंग से सरेदस्त जुर्म जेर धारा 7 पी0सी0एक्ट का होना पाया जाने पर तहरीर बदस्त ए0एस0आई0 सुनीता रानी 1252/सिरसा के हाथ थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो हिसार भेजी जा रही है। बाद कायमी मुकदमा नम्बर पर्चा से सुचित किया जावे तथा अभियोग की स्पेशल रिपोर्ट बजरियां ई-मेल/डाक द्वारा ईलाका मैजिस्ट्रेट व अफसरान बाला के भिजवाई जावे। मन निरीक्षक मय ए0एस0आई0 दीपक कुमार न0 148/सिरसा, ए0एस0आई0 राजेश न0 103/फतेहाबाद, ए0एस0आई0 कुलदीप न0 12/फतेहाबाद, ई0ए0एस0आई0 रघुवीर सिंह न0 560/फतेहाबाद, ई0ए0एस0आई0 साहब राम न0 1057/हिसार, सिपाही किरण रानी 961/सिरसा के बासवारी गाड़ी सरकारी HR03GV 4393 चालक सुखविन्द्र सिंह ई0ए0एस0आई0 के शिकायतकर्ता भुपिन्द्र सिंह व स्वतन्त्र गवाह छाया के व्यस्त आगामी कार्यवाही होता हुँ ।
अज – राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो
(ह0) उप केन्द्र सिरसा

SD/- सत्यवान निरीक्षक
सत्यवान निरीक्षक
राज्य सतर्कता एवं
भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो
(ह0) उप केन्द्र सिरसा

दिनांक 09-10-2025

समय - 06.15 PM

अज थानाः- हस्ब आमद तहरीर कायमी मुकदमा नं. 39 दिनांक 09.10.2025 धारा 7 PC ACT थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,हिसार के तहत मुकदमा दर्ज रजिस्ट्रर किया जाकर नकल मिशल पुलिस मय असल तहरीर आईन्दा ASI सुनिता रानी 1252/सिरसा के हाथ वर मौका अनुसंधानकर्ता के पास भेजी जा रही है । प्रथम सुचना रिपोर्ट की प्रतियां स्पैशल रिपोर्ट बजरिया EMAIL ID द्वारा ईलाका मैजिस्ट्रेट साहब Sirsa व पुलिस अधीक्षक Sirsa की सेवा में भेजी जा रही हैं ।

**13.** **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2. (की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

**(1)** **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):** / **or ( या)**

**(2)** **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** SATYAWAN **Rank (पद):** I (Inspector)

**No. (सं.):** 377H **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

**(3)** **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

**(4)** **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C.**
**(आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** SATYAPAL

**Rank (पद):** I (Inspector)

**No. (सं.):** 303SPT

**14.** **Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

**15.** **Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

Error: Subreport could not be shown.